# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 1215
दिनांक : 13.07.2021

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की बी0एड0 द्वितीय वर्ष 2020–21 (सत्र 2019–21) की लिखित परीक्षा दिनांक 20.07.2021 से प्रारम्भ होने जा रही है। उक्त लिखित परीक्षा से पूर्व ही आन्तरिक परीक्षाओं के ऑनलाईन अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किया जाना है, किन्तु पोर्टल के अवलोकन से स्पष्ट हो रहा है कि अधिकांश महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अपने–अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक अंक अभी तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड नहीं किये गये हैं।

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 20.03.2021 के मद संख्या 12 के संकल्पानुसार विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक/सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित सम्बन्धित पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का प्रवेश पत्र तब तक डाउनलोड नही कराया जायेगा, जब तक कि सम्बन्धित पाठ्यक्रमों की परीक्षायें सम्पन्न न कराकर अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नही कर दिये जाते हैं। इसकी प्रेस विज्ञप्ति विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–गोप0/1014 दिनांक 09.04.2021 द्वारा निर्गत की जा चुकी है। उक्त विज्ञप्ति के बावजूद भी अभी तक आन्तरिक अंक पोर्टल पर अपलोड न किया जाना अत्यन्त खेद का विषय है जिस पर मा0 कुलपति जी द्वारा रोष व्यक्त किया गया है।

मा0 कुलपति जी के आदेश एवं परीक्षा समिति के निर्णय के अनुपालन में ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानो से अपेक्षित है कि वे लिखित परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपने–अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक अंक ऑनलाईन अपलोड करते हुये उक्त ऑनलाईन अंकपर्णो की हार्डकॉपी की कुलसचिव प्रति एवं टेबूलेटर प्रति गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें **अन्यथा की दशा में उनके महाविद्यालय/संस्थान के परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड नही कराये जायेगें, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा। परीक्षा समिति द्वारा पारित संकल्प के क्रम में समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों को सूचित किया जाता है कि ऑफलाईन अंक किसी भी दशा में स्वीकार नही किये जायेंगे।**

13.7.2021

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
5. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
6. सहायक कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)।
7. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र।
8. समन्वयक, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
9. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित से प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को समस्त सम्मानित राष्ट्रीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
10. प्रतिनिधि, आउटसोर्स एजेन्सी को इस निदेश के साथ प्रेषित कि समस्त बी0एड0 महाविद्यालयों/संस्थानों को निर्बाध लिंक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/463